# शादी समारोह में जा रहे तीन युवक टूटे पुल से नीचे गिरे, मौत

**तेन्दूखेड़ा, देशबन्धु।** जिले के तेंदूखेड़ा थानांतर्गत शुक्रवार रात एक बड़ा हादसा सामने आया, जिसमें दोस्त की शादी में जा रहे बाइक सवार तीन युवक एक टूटे पुल से 30 फीट नीचे बाइक सहित नीचे जा गिरे। ऊंचाई से गिरने और नीचे बड़े-बड़े पत्थर और पुल का मलबा डला होने के चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के पीछे जिम्मेदारों की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है जिन्होंने महीनों से क्षतिग्रस्त पुल होने के बाद भी वहां कोई सुरक्षा इंतजाम या संकेतकों को नहीं लगाया, जिसके चलते यह हादसा सामने आया। शनिवार सुबह पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शवों का पोस्टमार्टम कराया एवं मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद मृतकों के गांव में मातम पसरा है और मामले की जानकारी मिलने पर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और गढ़ाकोटा विधायक गोपाल भार्गव ने सोशल मीडिया पर घटना की जानकारी साझा करते हुए घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवार को शोक संवेदनाएं व्यक्त की है

**दोस्त की शादी में जाने निकले थे तीनों**- जानकारी अनुसार सागर जिले के रहली थाना के छिरारी ग्राम निवासी अजय पिता दारा सिंह घोषी 21 वर्ष, अमित पिता दुर्गा कुर्मी 21 वर्ष, पवन पिता प्रकाश कुर्मी 22 वर्ष अपने दोस्त अजय पाल की शादी समारोह में शामिल होने के लिए समनापुर गांव जा रहे थे। इस दौरान वे हादसे के शिकार हो गए। घटना की सूचना पीछे चल रहे साथियों ने पुलिस एवं परिजनों को दी। सूचना मिलते ही तेन्दूखेड़ा थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी अपने बल के साथ मौके पर पहुंचे और करीब आधा घंटे तक रेस्क्यू कर तीनों को पुल से बाहर निकलकर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।







अजय घोषी



पवन कुर्मी



अमित कुर्मी

## सात महीने से क्षतिग्रस्त था पुल, शासन-प्रशासन की अनदेखी व लापरवाही बनी मौत की वजह

**रास्ता नहीं आया समझ**-घटना को लेकर मृतकों के पीछे चल रहे दो अन्य साथी भागीरथ कर्मी व सुमित के अनुसार मृतक रास्ते को समझ नहीं पाए। उनका दावा है कि जैसे ही वह झापन पहुंचे तो व्यारमा नदी के टूटे व जर्जर पड़े पुल छोड़ कर कुछ ही दूरी पर स्थित स्टाप डेम के ऊपर से निकलकर मुख्य मार्ग पर पहुंचें। इस दौरान मृतक अपनी बाइक को तेज रफ्तार में लेकर मुख्य मार्ग पर पहुंचे लेकिन मार्ग को ना समझ पाने के चलते झलौन की तरफ न जाकर वह रहली मार्ग की और चल दिए, जिसके कारण वह अंधेरे में कुछ समझ नहीं पाए और तेज रफ्तार बाइक बारिश में बहे टूटे व जर्जर पड़े पुल के 30 फीट नीचे जा गिरे। इसके अलावा बाइक की रफ्तार तेज होना और सुनसान और अंधेरा रास्ता के साथ, जिसके एक मोड़ भी था जिसके चलते रास्ता समझना कठिन था।

**जिम्मेदारी की लापरवाही और अनदेखी**- स्थानीय लोगों एवं राहगीरों का कहना है कि पुल टूटने के बाद से ही प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम व व्यवस्था नहीं की गई, यदि समय रहते संकेत बोर्ड, बैरिकेडिंग और सुरक्षा के इंतजाम किए जाते तो यह हादसा टल सकता था। उल्लेखनीय है कि सागर रहली तेन्दूखेड़ा जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर झलौन गांव के समीप बना व्यारमा नदी का झापन घाट पुल पिछले साल हुई बारिश के तेज बहाव में बह गया था तभी से छतिग्रस्त टूटे पड़े पुल के ऊपर से आगमन बंद है और इसके चलते सात माह से झापन इमलिया झलौन होकर लंबा चक्कर लगाकर वाहनों की आवाजाही हो रही है । अंजान लोग दिन के उजाले में और लोगों द्वारा सावधान कर दिए जाने के चलते कई बार बचे भी है लेकिन रात का अंधेरा ऐसा हादसा सामने आया।

## सार-समाचार

### आज होगा भगवान जागेश्वरनाथ का विवाह

**दमोह, देशबन्धु।** श्रीदेव जागेश्वर नाथ जी मंदिर बांदकपुर में15 फरवरी शिवरात्रि को भगवान जागेश्वर नाथ पार्वती जी का विवाह होगा जिसकी 14 फरवरी को हल्दी रस्म होगी मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि शिवरात्रि को संपूर्ण दिन एवं रात्रि भर धार्मिक आयोजन होंगे जिसमें सुबह 4 बजे मंदिर के पट खुलेगें रात्रि में लघुरूद्रात्मक रूद्राभिषेक होगा, ग्रंथि बंधन होगा। मंदिर ट्रस्ट द्वारा दर्शनार्थियों के लिए इस बार विशेष व्यवस्थाएं बनाई गई हैं जिससे दर्शनार्थियों को और भी सरलता से श्रीदेव जागेश्वरनाथ का जलाभिषेक दर्शन कर सकें पिछली बार की तरह इस बार भी गर्भ गृह प्रवेश निषेध रहेगा। समस्त श्रद्धालुओं से मंदिर ट्रस्ट की गाइडलाइन में दर्शन करने का आग्रह किया गया है।

### राज्यमंत्री पटेल पहुंचे देवश्री गौरीशंकर मंदिर

हटा,देशबन्धु। मप्र सरकार में राज्य मंत्री लखन पटेल हटा पहुंचे और देवश्री गौरीशंकर मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए। दद्दा कला मंच पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे यहां व्यास पीठ से राज्यमंत्री लखन



पटेल का आयोजक मण्डल कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी की ओर से स्वागत किया गया। पं.अनिल प्रभाकर के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म उत्सव में शामिल होकर राज्यमंत्री लखन पटेल ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को गोद मे लेकर दुलार किया और सभी के साथ उत्सव मनाया और देवश्री गौरीशंकर जी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया। इस दौरान हटा विधायक उमादेवी खटीक,भाजपा उपाध्यक्ष अनुरागबर्धन सिंह हजारी सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि आज भगवान भोलेनाथ के चरणों में आने का अवसर मिला। दिव्य और भव्य यज्ञ आयोजन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा भी सुनने का मौका मिला में अपने आपको धन्य मानता हूं और कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी का धन्यवाद देता हूं।

### मेंहदवानी में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत विशेष आधार शिविर का आयोजन

**डिंडोरी, देशबन्धु।** मेंहदवानी में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर संपूर्णता अभियान 2.0 अंतर्गत विशेष आधार शिविर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में बच्चों के नए आधार नामांकन किए गए। साथ ही अनेक हितग्राहियों के मोबाइल नंबर अपडेट किए गए, जिससे आधार से जुड़ी सुविधाओं तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित हो सके। जिला जनसंपर्क विभाग ने शनिवार दोपहर 2 मीडिया को जानकारी दी।

### छह वर्षीय बालक को बाइक ने मारी टक्कर बालक घायल, उपचार जारी

**डिंडोरी, देशबन्धु।** मडियारास गांव में नर्मदा नदी से नहा कर पिता के साथ घर वापस जा रहे 6 वर्षीय बालक को अचानक शनिवार सुबह 11 बजे बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार जारी है। बालक पिता के साथ नर्मदा नदी नहा कर घर जा रहा था उसी दौरान हादसा हो गया और बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बरेंडा गांव के ग्रामीणों ने वन अधिकार पत्र की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में लगाई गुहार

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिले के बरेण्डा गांव के निवासी ग्रामीणों ने वन अधिकार पत्र की मांग को लेकर शनिवार दोपहर 2:30 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई। दरअसल ग्रामीणों ने बताया कि 2005 के पूर्व से ही खेती करते आ रहे हैं और जनहित याचिका के सुनवाई के उपरांत न्यायालय के आदेश की परिपालन में न्यायपूर्ण कार्रवाही करते हुए वन अधिकार पत्र दिलाने की गुहार लगाई।

### रहंगी निवासी महिला ने संबल योजना की राशि के लिए कलेक्टर से गुहार लगाई

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिले के रहंगी गांव निवासी महिला ने पति की मृत्यु प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार और संबल योजना की राशि को लेकर शनिवार दोपहर 2:30 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई। दरअसल महिला ने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र में उत्तराधिकारी का नाम नहीं डाला गया है, जिसके चलते संबल योजना की राशि का पैसा नहीं मिल रहा चार बच्चे हैं, जिससे आर्थिक परेशानी हो रही है।

## दमोह-पन्ना मार्ग पर बस-ट्रक की भिड़ंत

### दोनों वाहनों की क्रॉसिंग के दौरान हादसा, ड्राइवर सहित सभी यात्री सुरक्षित



**दमोह, देशबन्धु।** दमोह-पन्ना मार्ग पर हटा थाना अंतर्गत लुहारी गांव में शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक यात्री बस और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसा दोनों वाहनों की क्रॉसिंग के दौरान हुआ। गनीमत रही कि बस में सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए।

टक्कर के बाद सड़क पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और यातायात बहाल करने का प्रयास किया। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद वाहनों की आवाजाही सामान्य हो पाई।

**क्रॉसिंग के दौरान दोनों वाहन की टक्कर**- यह घटना दमोह से गैसाबाद तक निर्माणाधीन सड़क पर हुई। बस दमोह से हटा की ओर जा रही थी, जबकि ट्रक हटा से दमोह की दिशा में आ रहा था। निर्माणाधीन सड़क पर क्रॉसिंग के दौरान ही दोनों वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर के बाद बस और ट्रक सड़क पर फंस गए, जिससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस के पहुंचने और वाहनों को हटाने के बाद ही यातायात सुचारु हो सका। इस हादसे में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई है, सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

### दमोह-सिमरिया फोरलेन निर्माण बना हादसों का कॉरिडोर

**हटा,देशबन्धु।** दमोह-सिमरिया रोड के निर्माण कार्य ने हटा नगर और आसपास के क्षेत्रों में मानो हादसों की श्रृंखला छेड़ दी है। हटा की फोरलेन पर प्रतिदिन कोई न कोई वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहा है। हालात यह हैं कि हटा-गैसाबाद और हटा-दमोह मार्ग भी निर्माणाधीन अव्यवस्था के चलते जोखिम भरे बन चुके हैं। शनिवार को लुहारी ग्राम के पास निर्माण कार्य के बीच हटा से सागर जा रही गर्ग बस और दमोह से हटा की ओर आ रहे एक ट्रेलर के बीच खतरनाक स्थिति बन गई। दोनों भारी वाहन क्रॉसिंग के दौरान एक दूसरे से सट गए। बस में बैठे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया, लेकिन यह घटना निर्माण प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## जमीन विवाद में धारदार हथियार से हमला, घायल जिला अस्पताल रेफर

**हटा,देशबन्धु।** मडियादो थाना क्षेत्र के बर्धा गांव में पारिवारिक जमीन विवाद के चलते एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है।



घटना में लल्लू पिता अर्जुन 45 वर्ष निवासी ग्राम वर्धा गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पारिवारिक जमीन को लेकर चल रहे विवाद के बीच हन्नू पटेल ने लल्लू पर हमला कर मारपीट कर दी। आरोपी घायल के बड़े पिता का दामाद बताया जा रहा है। विवाद के दौरान धारदार हथियार से किए गए वार में लल्लू को गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद परिजन उन्हें निजी वाहन से सिविल अस्पताल हटा लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन निजी वाहन से ही घायल को जिला अस्पताल ले गए। मामले की सूचना मडियादो थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में घटना के बाद तनाव का माहौल बना हुआ है।

## पुलवामा के शहीदों की याद में चलाया स्वच्छता अभियान, टीम के सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि

**दमोह, देशबन्धु।** जिले में टीम उम्मीद ने शनिवार सुबह सरस्वती शिशु मंदिर परिसर के पास अपना 15वां साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान 14 फरवरी को पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उनके बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र सेवा तथा स्वच्छ राष्ट्र, स्वच्छ शहर में चलाया जा रहा है।



नगर पालिका के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन शहीदों की याद और उनके शौर्य एवं पराक्रम को स्मरण करने का है। उन्होंने बताया कि शहीदों के सम्मान में सामाजिक कार्यों जैसे स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, क्षेत्रीय कैंडल मार्च और पूर्व सैनिकों का सम्मान कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकती है।

श्री पटेल ने आगे कहा कि यह स्वच्छता अभियान शहीदों के सम्मान में किया जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि स्कूल विद्या का मंदिर है, जहां से हम जीवन के लिए शिक्षा और संस्कार ग्रहण करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और शहरवासियों में विद्यालय परिसर के आसपास स्वच्छता के प्रति समर्पण की भावना जागृत करना है। इस अभियान में टीम उम्मीद के धर्मेंद्र सोनी, शिवम सोनी, दीपक राजपूत, जितेंद्र अहिरवाल, महेंद्र सिंह लोधी, माधव पटेल, महेंद्र ताम्रकार, योगेंद्र सिंह सहित नगर पालिका कर्मी असद शेख शामिल रहे।

## एमपीएमआरए यूनियन ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**दमोह, देशबन्धु।** चार लेबर कोड के विरोध में एमपीएमआरए दमोह यूनियन ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन द्वारा शहर में रैली निकालकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद की गई।

प्रदर्शन के उपरांत लेबर इंस्पेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इन लेबर कोड को लागू न करने की मांग की। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि इन चार लेबर कोड में श्रमिक हितों के खिलाफ कई प्रावधान हैं जिनसे श्रमिकों की जॉब सिक्योरिटी, वेतन, सामाजिक सुरक्षा तथा संगठनात्मक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अंत में यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## लाठी लेकर पार्क, रेस्टोरेंट की बजरंग दल ने की निगरानी की

### दमोह में वैलेंटाइन डे पर कहा-हम प्रेम का विरोध नहीं करते, अश्लीलता के खिलाफ है हमारी जंग

**दमोह, देशबन्धु।** जिले में हिंदूवादी संगठन बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद वैलेंटाइन डे पर निगरानी कर रहे हैं। शनिवार दोपहर बजरंग दल के कार्यकर्ता हाथों में लाठी लेकर शहर के पार्क और रेस्टोरेंट्स में घूमते नजर आए। कार्यकर्ता बोले-प्रेम नहीं हम अश्लीलता का विरोध करते हैं बजरंग दल के शंभू विश्वकर्मा ने बताया कि उनका संगठन प्रेम का विरोध नहीं करता है। हालांकि, वैलेंटाइन डे की आड़ में फैलाई जाने वाली अश्लीलता का बजरंग दल विरोध करता है। श्री विश्वकर्मा ने लव जिहाद जैसी घटनाओं में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि किसी हिंदू लड़की के साथ लव जिहाद होता है, तो बजरंग दल उसका विरोध करने के लिए तैयार है।



**पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहने की अपील**-शंभू विश्वकर्मा ने युवाओं से पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहने और ऐसा कोई कार्य न करने का आग्रह किया, जिससे समाज में गलत संदेश जाए। बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता शहर की सड़कों पर लगातार गश्त कर रहे हैं।

## ग्राम पंचायत डोभी में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा कुआं निर्माण में तकनीकी मानकों की हो रही अनदेखी

### ग्रामीणों का आरोप- 40 एमएम की गिट्टी और लकड़ी से हो रही खचाई, मौके से तकनीकी जानकार गायब

**शहपुरा,देशबन्धु।** शहपुरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डोभी में विकास कार्यों में जमकर अनियमितता बरती जा रही है। ताजा मामला मझगांव स्थित एक आश्रम के पास बन रहे कुएं निर्माण का है, जहाँ निर्माण कार्य में गुणवत्ता को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी अपनी मनमानी पर उतारू हैं और सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

नियमों के विपरीत सामग्री का उपयोग मौके पर मौजूद ग्रामीणों और श्रमिकों ने बताया कि आरसीसी (आरसीसी) कार्य में जहाँ बारीक गिट्टी का उपयोग होना चाहिए, वहां धड़ल्ले से 40 एमएम (एमएम) की बड़ी गिट्टी डाली जा रही है। इतना ही नहीं, कंक्रीट के मिश्रण (मसाले) के लिए किसी तय अनुपात का पालन नहीं किया जा रहा है, जिसे ग्रामीण अंदाज मसाला कह रहे हैं।



मशीन की जगह लकड़ी का सहारा आधुनिक निर्माण कार्यों में कंक्रीट को सेट करने के लिए वाइब्रेटर मशीन अनिवार्य होती है, ताकि निर्माण मजबूत हो। लेकिन डोभी पंचायत में यह कार्य लकड़ी के डंडों से खचाई कर किया जा रहा है। तकनीकी जानकारों की अनुपस्थिति में हो रहे इस कार्य से कुएं की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### इनका कहना है

कुआं निर्माण में मानकों की अनदेखी हो रही है। बड़ी गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। जब हमने सचिव से वाइब्रेटर मशीन की मांग की तो उन्होंने हमें लकड़ी से ही खचाई करने का निर्देश दिया। कोई भी तकनीकी अधिकारी मार्गदर्शन के लिए साइट पर नहीं आता।

**सुखसेन,** श्रमिक, ग्राम पंचायत डोभी

कुआं निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितताओं की जानकारी आपके माध्यम से मुझे प्राप्त हुई है। मैं स्वयं मौके पर जाकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करूंगा, उसके बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा। यदि कमी पाई गई तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

**एचखान उपयंत्री,** जनपद पंचायत शहपुरा

## सड़क पर तड़पते बुजुर्ग के लिए फरिश्ता बना युवक

### हाथ ठेले को ही बना दिया एम्बुलेंस



**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिला अस्पताल से जुड़ा एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति मरीज को हाथ ठेला में लेकर वार्ड में भर्ती कराने ले जाता नजर आ रहा है। बताया गया कि सड़क किनारे बीमार अवस्था में पड़े एक वृद्ध को हम्माली का काम करने वाले एक युवक ने मानवता का परिचय देते हुए उठाया और अपने हाथ ठेले पर बैठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि इस संबंध में जिला अस्पताल सहायक प्रबंधक ने कहा कि इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं मिल पाई, इस कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई।